**विधान सभा सचिवालय**
**मध्यप्रदेश**
**समाचार**

## विधान सभा समितियों की अंतिम समीक्षा बैठक कोलकाता में, श्री तोमर करेंगे अध्यक्षता

भोपाल,29 जून,2026

विधायी कार्यवाही में वित्तीय सहित तदर्थ समितियों की भूमिका अहम है। इस भूमिका को अधिक स्पष्ट और समर्थ बनाने के लिए गठित समिति प्रणाली की पीठासीन अधिकारियों की समीक्षा समिति की अंतिम बैठक 3 और 4 जुलाई को पश्चिम बंगाल विधान सभा में होगी।
लोकसभा द्वारा गठित पीठासीन अधिकारियों की इस बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर करेंगे। इस समिति में 6 राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम एवं पश्चिम बंगाल के राज्य विधान मण्डल शामिल हैं। समिति की दो बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। पहली बैठक मध्यप्रदेश विधान सभा भोपाल में 14 जुलाई, 2025 को एवं दूसरी बैठक राजस्थान विधान सभा, जयपुर में 5 मई, 2026 को हुई थी। इस तीसरी और अंतिम बैठक में विधान सभा समितियों के संबंध में हुए विमर्श के बाद लोकसभा अध्यक्ष को अनुशंसाएं सौंप दी जाएंगी।

## पश्चिम बंगाल के विधायकों को प्रशिक्षण देंगे श्री तोमर

पश्चिम बंगाल के विधान सभा अध्यक्ष श्री रथिंद्र बोस ने मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर को कलकत्ता में आयोजित होने वाले विधान सभा प्रशिक्षण शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।
मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष श्री तोमर पश्चिम बंगाल के विधायकों को प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल तथा विधायकों के आचरण के संबंध में संबोधित करेंगे एवं सुझाव देंगे। प्रशिक्षण सत्र के मुख्य अतिथि लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला होंगे।

विस/जसं/26

महावीर सिंह
सूचना अधिकारी